## अजमेर जिला अदालत का नया भवन तैयार

### 138 करोड़ की लागत से बनी बिल्डिंग




**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर शहर के जयपुर रोड स्थित संयोगिता नगर में 22 बीघा में बनाया गया अजमेर जिला न्यायालय के नए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है, आगामी दिनों में उद्घाटन होगा। निर्माण एजेंसी आरएसआरडीसी द्वारा नए भवन में गार्डन विकसित करने, पौधे लगाने सहित लाइटिंग व गेट के साथ अन्य सुविधाओं का काम पूरा किया जा चुका है। जी-5 मुख्य भवन में करीब 54 कोर्ट बनाई गई हैं, जिसमें ट्रायल रूम, न्यायिक अधिकारियों के ऑफिस और रिकॉर्ड रूम बनाए गए हैं। भवन का निर्माण पर करीब 138 करोड़ की लागत आई है।

**एक ही स्थान संचालित कोर्ट में फरियादियों को होगा लाभ:** अजमेर में नई बिल्डिंग में सभी अदालतों के शिफ्ट होने से न्यायिक कार्य में तेजी आएगी और वकीलों एवं पक्षकारों को काफी सुविधा होगी। वर्तमान में विभिन्न कार्यालयों में संचालित कोर्ट भी यहां स्थानांतरित की जाएंगी, जिससे फरियादियों को एक ही जगह न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने का लाभ मिलेगा। इसके अलावा डीसी और एडीसी कोर्ट के एक ही स्थान पर होने से वकीलों को सड़क पार नहीं करनी पड़ेगी, जिससे उन्हें बरसात और ट्रैफिक संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

**प्रदेश की दूसरी बहुमंजिला कोर्ट:** जोधपुर के बाद राजस्थान की दूसरी बहुमंजिला कोर्ट बिल्डिंग होगी। कोर्ट परिसर में सेंट्रलाइज एसी सिस्टम लगाया गया है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, फायर फाइटिंग सिस्टम और 7 लिफ्ट भी लगाई गई हैं। एडवोकेट्स के लिए बनाए वकीलों के लिए विशेष रूप से जी-2 मंजिला एडवोकेट बिल्डिंग बनाई गई है, जिसमें 78 चैंबर बनाए गए हैं। इसके अलावा एडवोकेट्स के लिए लिटिगेशन रूम, कैंटीन, लाइब्रेरी, मीटिंग हॉल, बार काउंसिल हॉल, डिस्पेंसरी, पोस्ट ऑफिस और बैंक जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। पार्किंग की व्यवस्था बेसमेंट में की गई है, जबकि विजिटर्स के लिए अलग से पार्किंग क्षेत्र निर्धारित किया गया है।

## चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव

### वरुण सागर पर संत महात्माओं के सान्निध्य में हुआ जल व ज्योति का पूजन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से आयोजित 17 दिवसीय चेटीचण्ड पखवाडे के 11वें दिन सोमवार को ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर प्रगति नगर कोटड़ा की ओर से वरुण सागर पर संत महात्माओं के सानिध्य में जल व ज्योति की पूजन के साथ धार्मिक आयोजन हुआ।

सचिव शंकर बदलानी ने बताया कि शुभारंभ आराध्यदेव झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष संत महात्माओं के सानिध्य में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन, श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम पुष्करराज के महन्त हनुमानराम, श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास, गोविन्द तुलसीधाम के स्वामी ईश्वरदास, निर्मलधाम के स्वामी आत्मदस, जतोई दरबार के भाई फतनदास, प्रेम प्रकाश आश्रम आदर्श नगर के दादा नारायणदास, सांई बाबा मन्दिर के भाई महेश तेजवाणी, भोलेश्वर मन्दिर के गोवर्धनदास द्वारा किया गया। महन्त स्वरूपदास ने आशीर्वाचन देते हुए कहा कि सनातन धर्म में जल व ज्योति की पूजन कर विधिवत कार्य प्रारम्भ किए जाते हैं और हम सब वरूण अवतार की पूजन भी इसी रूप में कर रहे हैं। पंच तत्व के दो महत्वपूर्ण तत्व माने जाते हैं जिसमें अग्नि व जल की विशेष पूजा का शास्त्रों में वर्णित है। महन्त हनुमानराम ने कहा कि सेवा व सिमरन करने वाले को परम पिता परमेश्वर का सदैव आशीर्वाद मिलता है व परिवार भी संस्कारवान होता है। आराध्यदेव झूलेलाल की यह टोली सेवा के साथ लोगों में धर्म का प्रचार भी कर रही है।

समारोह में सामूहिक छेज् पर सभी ने नृत्य किया। कार्यक्रम में आराध्यदेव झूलेलाल के भजन व पंझड़ों की प्रस्तुति प्रकाश जेठरा, पूनम गींताजलि, होतचन्द मोरियाणी, आदर्श नगर महिला मण्डल की पदाधिकारियों द्वारा गीत व नृत्य प्रस्तुत दी। श्वेता शर्मा, मुकेश आर्य ने नवरात्रों में हिंगलाज माता के भजन प्रस्तुत किए। वरूण सागर पर पूजन के साथ दीपदान, महाआरती के पश्चात् भण्डारे के साथ समापन किया गया। समारोह का मंच संचालन महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, स्वागत भाषण कार्यक्रम की रूपरेखा अध्यक्ष कवंलप्रकाश किशनानी व आभार गिरधर तेजवाणी ने किया। समारोह में नरेन शाहणी भगत, लक्ष्मणदास दौलताणी, ओमप्रकाश हीरानन्दाणी, सुनील खानचंदानी सन्नी, मोती तेजवानी, दिनेश मुरजानी, जीडी वरिंदानी, रमेश मेंघानी, डॉ.भरत छबलानी, प्रकाश मूलचंदानी सहित अलग अलग संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सिविल लाइन स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब सोमवार सुबह पार्किंग में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी है मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड के फायर फाइटरों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिविल लाइन थाने के एएसआई भीम सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि सिंचाई विभाग की पार्किंग में खड़ी मारुति कार में आग लग गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन विभाग को भी इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग के फायर फाइटर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का कोई खुलासा नहीं हुआ है। गाड़ी के ऊपर पत्ते में गिरे हुए थे। गाड़ी किसकी है इसे लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। आग के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

# खुदा की इबादत में झुके सर, अमन चेन की मांगी दुआ

## मुस्लिम समाज ने हर्षोल्लास से मनाया ईद उल फितर का पर्व

### ख्वाजा साहब की दरगाह, ईदगाह व मस्जिदों में अदा हुई नमाज, खुला जन्नती दरवाजा



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** प्यार और भाईचारे की भावना का प्रतीक ईद उल फितर के पर्व पर खुदा की इबादत में ख्वाजा साहब की दरगाह सहित ईदगाह व मस्जिदों में सजदे में सर झुके। सभी ने देश व प्रदेश में अमन चैन व भाईचारागी की दुआ मांगी। मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व शहर सहित जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। ईद के मौके पर सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोला गया। ईद की नमाज में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ईद की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के व्यापाक इंतजाम किए गए, बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। रमजान माह के समापन पर सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व शहर सहित जिले भर में मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। अजमेर में मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में हुई। शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने नमाज अदा कराई। ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर सहित शाहजहानी मस्जिद, केसरगंज स्थित ईदगाह और नौसर स्थित ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिद में नमाज अदा कर देश में अमन चैन व भाई चारगी की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इससे पूर्व ख्वाजा साहब की दरगाह में स्थित शाहजहानी मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे अदा की गई। इस मौके पर मौलाना ने कहा कि मुसलमान का काम नेकी करना और भाईचारे के साथ रहना है, हमें दूसरों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

**अकीदत मंदों के लिए खोला जन्नती दरवाजा, मची होड़:** ईद के मुबारक मौके पर ख्वाजा साहब की दरगाह स्थित जन्नती दरवाज आमजायरीन के लिए खोला गया। खादिम सैयद फजले अमीन चिश्ती ने बताया कि आस्ताना शरीफ व जन्नती दरवाजा तड़के 4 बजे खोला गया। फजर की नमाज के बाद से ही जन्नती दरवाजे से गुजरने के लिए अकीदतमंदों में होड़ मच गई, हर कोई दरवाजे से गुजरना चाहा रहा था, दोपहर 2:30 बजे बाद दरवाजा मामूल कर दिया गया। रहमान खान ने बताया कि नमाज के बाद लोग घरों पर पहुंचे और अपने परिवार व परिजन के अलावा अजीजओ के साथ ही मेहमानों को खीर और सिवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। घरों पर महिलाओं ने नमाज अदा की। बड़ों ने बच्चों को उनकी पसंद की ईदी दी तो छोटों ने बड़ों से दुआएं ली।

**जुलूस में सांप्रदायिक सौहार्द की दिखी झलक:** सूफी इंटरनेशनल संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में अंदर कोट क्षेत्र से जुलूस शुरू हुआ, जो दरगाह के निजाम गेट से होते हुए दरगाह बाजार, धान मंडी, देहली गेट, गंज, फव्वारा सर्किल होते हुए सुभाष उद्यान पहुंचा। इससे पहले दरगाह के निजाम गेट के बाहर समुदाय के प्रतिनिधियों व लोगों ने हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशियां मनाई। जुलूस के दौरान बाजार में हिंदू व मुस्लिम सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर मुस्लिम धर्मावलंबियों का स्वागत किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस्तकबाल के लिए खड़े हिंदू भाइयों को गले लगाकर फूल माला पहनाई। जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की झलक देखने को मिली।

**पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था :** ईद पर्व के मद्देनजर अजमेर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की। शहर सहित दरगाह के परिधि क्षेत्रों में चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही। दरगाह के निकट पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया। नमाज को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. लोक बंधु, आईजी ओम प्रकाश, एसपी वंदिता राणा सहित बड़े अधिकारी मौजूद रहे, साथ बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

**पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने दी ईद की मुबारकबाद :** पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने केसरगंज ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि ईद का पर्व आपसी सौहार्द, प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। ईद पर मेरी यही दुआ है कि देश में अमन चैन व आपसी भाईचारा कायम रहे और देश प्रगति की राह पर चलता रहे।

**कांग्रेसियों ने दी ईद की मुबारकबाद:** सांप्रदायिक सौहार्द प्रेम एवं भाईचारे का प्रतीक ईद के पावन पर्व पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केसरगंज स्थित ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। विजय जैन ने कहा कि ईद के पावन पर पर हमारी दुआ है कि देश में अमन चैन और आपसी भाईचारा कायम रहे और देश एवं प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसित हो। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा खुशियों का यह पावन त्योहार सभी के जीवन में अमन.चैन, भाईचारा और समृद्धि लेकर आए। प्रदेश में शांतिए खुशहाली और उन्नति बनी रहे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि शांति और सौहार्द के पाक अवसर ईद खुशियों का यह त्योंहार प्रदेश में अमन.चैन एवं खुशहाली और उन्नति लेकर आए। इस अवसर पर अजमेर डेयरी के सदर रामचंद्र चौधरी नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष डॉ.द्रोपती कोली, हाजी इंसाफ अली, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार बंसल, श्याम प्रजापति, नरेश सत्यवना, विपिन बेसिल, आरिफ हुसैन, अंकुर त्यागी, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, हितेश्वरी टांक, लक्ष्मी बुन्देल, सुनील धानका, आलोक गुप्ता, शक्ति सिंह रलावता, राजेंद्र वर्मा अहमद हुसैन, हुमायूं खान, एस एम अकबर नीरज यादव अमित टॉक संजय यादव अंकित घारु इमरान सिद्दीकी पूर्व पार्षद मोहम्मद शाकिर रज्जाक भाटी हनीफ अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में मुस्लिम भाइयों पर पुष्प वर्षा कर गले मिलकर मुबारकबाद दी।

**सर्वधर्म प्रतिनिधयों ने दी शुभकामनाएं :** जन सेवा समिति व सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियों ने ईद के पर्व पर मुबारकवाद देते हुए कहा कि अपनी खुशी के लिए किसी की भी भावनाएं आहत नहीं करनी चाहिए। सर्वधर्म समिति के गौतम नगर स्थित बौद्धमठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल, सुमन छावडा ने कहा है कि हमें सबका मंगल हो सबका कल्याण की भावना के अनुसार की जीवन जीना चाहिए। जन सेवा समिति की सिस्टर कैरोल गीता ने अपने संदेश में कहा कि हमको सबके अन्तर मन में परमात्मा को उपस्थित मानकर और सबको उस एक ही पिता की संतान मानकर ही आचरण करना चाहिए।

राधास्वामी मत के रमेश लालवानी ने कहा कि हम सबको मानवता का आचरण करते हुए दया भाव के साथ प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण व सुरक्षित रखने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहना चाहिए। सरदार बलबीर सिंह और सरदार रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि हम सबको एक ही परमात्मा ने मानव बनाया है, इसलिए हमको एक दूसरे को आदर की भावना से आचरण करना ही मानवता है। गनी गुर्देजी, हाजी इफ्तेकार, अनवर हुसैन घोसी, शराफत हुसैन घोसी, बदरुद्दीन कुरैशी ने किसी को भी नफरत की दृष्टि से नही देखने और भाईचारे का आचरण करने की सीख दी। राकेश जैन व उषा जैन ने समस्त जीवों पर दया भाव रखते हुए महावीर स्वामी के संदेश जीओ और जीने दो का मार्ग अपनाने की अपील की है। सर्वधर्म प्रतिनिधियों शहनाज खान सहित अन्य ने सबको ईद की मुबारकवाद दी।

## रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने मारी टक्कर स्कूटी सवार किशोर की मौत

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में 15 वर्षीय किशोर उछलकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार पंचशील रोड हनुमान नगर निवासी हरदयाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने 15 वर्षीय पुत्र मानवेंद्र के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि मानवेंद्र उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल मानवेंद्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हरदयाल सिंह ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया।

## नवकार दिवस के पोस्टर का विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया अनावरण

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जीआईटीओ अजमेर चैप्टर के 9 अप्रैल को होने वाले नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को निमंत्रण दिया गया साथ इस मौके पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। अजमेर चैप्टर संस्था के अध्यक्ष मनीष रांका व मुख्य सचिव निर्मल कोठारी की उपस्थिति में युवा विंग अध्यक्ष विपुल कटारिया एवं लेडीज विंग अध्यक्षा सुनीता सेठी के साथ नवकार मंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पोस्टर का अनावरण विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि नवकार दिवस 9 अप्रैल को मेरवाड़ा स्टेट में



मनाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष मनीष रांका ने बताया कि कार्यक्रम में अजमेर में उपस्थित सभी संत मुनिराज का आगमन भी होगा, साथ ही हजारों की संख्या में सभी जैन महिलाएं व पुरुष भाग लेंगे। इस शुभ आयोजन पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पोस्टर का विमोचन हुआ, जिसमें जैन समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। रांका ने बताया कि नवकार दिवस का कार्यक्रम विश्व में 9 अप्रैल को प्रात: 8:01 से 9:36 तक 108 देश में 6000 जगह पर एक साथ किया जाएगा।

## नगर निगम वार्ड परिसीमन : 17 अप्रैल तक दर्ज करवा सकतें हैं आपत्तियां

### बदलेगी शहर की राजनीतिक फिजा, वर्तमान में है 80 वार्ड

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर नगर निगम के 80 वार्डों के परिसीमन व पुनर्गठन के लिए गठित टीम ने अपना सर्वे कार्य पूरा कर लिया है और रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट जल्द ही जिला कलक्टर को सौंपी जाएगी। इसके बाद आमजन से आपत्तियां मांगी जाएंगी और विचार-विमर्श के बाद गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।



स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार हाथीखेड़ा, बोराज, काजीपुरा, माकड़वाली और लोहागल राजस्व ग्राम को नगर निगम में शामिल कर लिया गया है। पहले ये क्षेत्र ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आते थे, लेकिन अब नगर निगम की सीमा का हिस्सा बन जाएंगे। इसी के तहत जिला कलक्टर ने निगम आयुक्त देशलदान की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी, जो पिछले दस दिनों से वार्डों का सर्वे और नाप-चौक का काम कर रही थी। इस सर्वे के दौरान यह देखा गया कि कौन सी जमीन सरकारी है, कौन सी खातेदारी, कृषि, बारानी या तालाब क्षेत्र की है। इन्हीं आधारों पर नए वार्डों का परिसीमन किया जाएगा, साथ ही पुराने वार्डों का पुनर्गठन भी होगा।

**17 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी:** प्रस्ताव 17 अप्रैल तक प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम प्रस्ताव बनाकर स्वायत्त शासन निदेशालय को भेजा जाएगा। वहां से अंतिम निर्णय के बाद निकायों के वार्डों के पुनर्गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा और आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया जाएगा। निगम चुनाव की तैयारी में जुटे दावेदार इस नए परिसीमन से अजमेर नगर निगम के आने वाले चुनावों की दिशा तय होगी। जो नेता पार्षद बनने का सपना देख रहे थे, उनके लिए यह परिसीमन नए अवसर और नई चुनौतियां लेकर आएगा। अब सभी की निगाहें परिसीमन की अंतिम रिपोर्ट और नगर निगम चुनाव की तैयारियों पर टिकी हैं।

**बिगडेंगे राजनीतिक समीकरण:** नए परिसीमन से बदलेगा राजनीतिक परिदृश्य नए परिसीमन का सीधा असर शहर की राजनीति पर पड़ेगा। अजमेर नगर निगम में वर्तमान में 80 वार्ड हैं, जिनमें दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 42 और उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 38 वार्ड आते हैं। माना जा रहा है कि दक्षिण विधानसभा से दो वार्ड कम करके उत्तर विधानसभा में जोड़ दि, जाएंगे, जिससे दोनों क्षेत्रों में समान रूप से 40.40 वार्ड रहेंगे। इस बदलाव से कई राजनीतिक समीकरण प्रभावित होंगे। कई पार्षदों की सीटें बदल जाएंगी, कुछ नए दावेदारों को मौका मिलेगा, तो कुछ की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। नगर निगम चुनाव की रणनीति तैयार कर रहे दावेदारों के लिए यह परिसीमन बेहद अहम साबित होगा। 8 निकायों ने भी भेजे परिसीमन प्रस्ताव अजमेर नगर निगम के अलावा जिले की अन्य आठ नगर निकायों ने अपने परिसीमन प्रस्ताव तैयार कर जिला कलक्टर को भेज दिए हैं। इसमें किशनगढ़, पुष्कर, केकड़ी नगर परिषद तथा नसीराबाद, सरवाड़, सावर, टांटोटी और पीसांगन नगर पालिका शामिल हैं।

## हाथों में रचाई मेहंदी, शहर में कई जगह हुए उद्यापन

# महिलाओं ने गणगौर का पर्व मनाया

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अखण्ड सौभाग्य, प्रेम एवं अच्छे वर की कामना का पर्व गणगौर सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही 16 दिनों से चल रहा गणगौर पूजन का समापन हुआ। महिलाओं ने गणगौर का पर्व पर हाथों में मेहंदी रचाई और शहर में कई जगह हुए उद्यापन कार्यक्रम हुए। ईसर-गणगौर पर्व पर जैलें की सवारी निकाली गई महिलाएं मंदिर से जैलें लेकर आईं। यहां शिव पार्वती के रूप में ईसर गणगौर को श्रृंगारित कर पूजन किया। महिलाओं ने व्रत रखे व अखंड सौभाग्यवती की कामना की।

आदर्श नगर निवासी पूनम राठौड़ व प्रीति, मेघ ने बताया कि ईसर-गणगौर महोत्सव के तहत 16 दिनों का पूजन होता है। कन्याएं व विवाहित महिलाओं ने ईसर-गणगौर का पूजन विधि विधान किया। लोक गीतों में भंवर म्हाने पूजन दयो गणगौर..., ऊंचो चंवरो चौखटो जल जमना रो नीर मंगाओ जी आदि लोकगीत एवं पारम्परिक नृत्य कर गणगौर का उत्सव मनाया। पूनम राठौड़ ने बताया कि कलश और लोटे में मोगरे, गुलाब, गैंदे के फूलए घास को विशेष ढंग से सजाया जाएगा। घरों में ईसर-गणगौर की सामूहिक पूजा अर्चना की गई। सुहागिनें सास-ननद, जेठानी और



महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी और अन्य सामग्री भेंट की। ईसर-गणगौर को परपरानुसार भोग लगाकर पानी पिलाया जाएगा। महिलाओं ने गणगौर पर्व के लिए मेहंदी रचाई। महिलाएं और युवतियां सोमवार को पारपरिक गणगौर की। बैंड.बाजोंएढोल.ढमाकों के साथ जैले निकाली। शहर के वैशाली नगरए पंचशीलए मदार गेटए नया बाजारए पुरानी मंडीए शास्त्री नगरए आदर्श नगरए धौलाभाटाए रागमंजए बिहारी गंजए हरिभाऊ उपाध्याय नगरए मदारए वरुणसागर रोडए रामगंजए केसरगंजए सुभाष नगरए नाका मदारए गुलाबबाड़ीए नगराए कोटड़ा और अन्य इलाकों में महिलाएं और युवतियां ईसर.गणगौर का पूजन करेंगी।

महिलाएं गौर गौर गोमती, ईसर पूजे पार्वती, खोल ये गणगौर माताज्और अन्य गीत गाएंगी।